नोट—नं० (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः। (२५) नो णः सर्वत्र। (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम् (६) शेषादेशयोर्द्वित्व-मनादौ (७) वर्गेषु युजः पूर्वः। (५) सर्वत्र लवराम्। (२३) खघथधभां हः। (११) उद्दत्वादिषु। (९) ऋतोऽत्। (४२) अत ओत् सोः। (५२) सुभिसुप्सु दीर्घः। (१३) ऐत एत्। (१८) पो वः।

गद्गदे रः ॥ १३ ॥

गद्गदशब्दे दकारस्य रेफादेशो भवति। गग्गरो। (३-१ दूलोपः, ३-५० गूद्वि०, ५-१ ओ)॥ १३॥

गद्गदे रः—गद्गदशब्दे अयुक्तस्य दस्य रेफादेशः स्यात्। गग्गरो॥ १३॥

गद्गदशब्द में असंयुक्त द को र हो। (गद्गदम्) द को र हो गया। नं. ३ से दलोप। ६ से शेष गकार को द्वित्व। ६२ से अनुस्वार। गग्गरं। पुंलिङ्ग में-गग्गरो॥१३॥

संख्यायाञ्च ॥ १४ ॥

संख्यावाचिनि शब्दे यो दकारस्तस्य रेफादेशो भवति। एआरह। (२-२ कूलोपः, २-४४ श् = ह), बारह। (३-१ दूलोपः, शेषं पूर्ववत्)। तेरह (१-५ सूत्रे द्रष्टव्यम्)। एकादश-द्वादश-त्रयोदशाः। अयुक्तस्ये-त्येव, नेह-चउद्दह। (१-९ सू० स्प०)॥ १४॥

संख्यायाञ्च—संख्यावाचिनि शब्दे अयुक्तस्यानादौ स्थितस्य दस्य रेफादेशः स्यात्। एआरह। तेरह। बारह। सत्तरह। अट्ठारह। संयुक्तत्वान्नेह—चउद्दह। अनादौ एवेति नेह—दह॥ १४॥

संख्यावाचक शब्द के असंयुक्त अनादिस्थित द को रेफादेश हो। (एकादश) नं. २ से कलोप। नं. २७ से श को ह। प्रकृत से रेफादेश। एआरह। (त्रयोदश) नं. ५ से रेफलोप। २ से यलोप। ३५ से ओकारलोप। ३१ से एकार। १७ से रेफ। २७ से ह। तेरह। (द्वादश) नं. ३ से दलोप। १७ से रेफ। २७ से हकार। बारह। (सप्तदश) पूर्ववत्, ३ से पलोप। ६ से द्वित्व। १७ से रेफ। २७ से हकार। सत्तरह। (अष्टादश) नं. २८ से ष्ट को ड। ६ से द्वित्व। ७ से टकार। पूर्ववत् रेफहकारादेश। अट्ठारह। (चतुर्दश) में रेफ से द संयुक्त है अतः द को रेफ नहीं होगा। नं. २ से तलोप। ५ से रेफलोप। ६ से द्वित्व। २७ से श को ह। चउद्दह। (दश) में आदिस्थ दकार है, अतः रेफ नहीं होगा। २७ से हकार। दह॥ १४॥

पो वः ॥ १५ ॥

पकारस्यायुक्तस्यानादिवर्तिनो वकारादेशो भवति। सावो। (२-४२

श् = स्, ५-१ ओ), सवहो । (२-२७ थ् = ह्, शे० पूर्ववत्), उलवो । (५-१ ओ) । शापः, शपथः, उलपः । प्रायोग्रहणाद्यत्र लोपो[1] न भवति तत्रायं विधिः ॥ १५ ॥

पो वः—अयुक्तस्यानादिस्थस्य पकारस्य वकारः स्यात् । कवालो । उह्लावो । कवोलो । उवमा । सावो । सवहो । कगचजेत्यत्र प्रायो-ग्रहणाद् यत्र लोपो न भवति तत्रायं विधिः । अयुक्तस्य किम् ? विप्पो, सप्पो । अनादाविति किम् ? पई, पंडिओ ॥१५॥

असंयुक्त अनादिस्थ पकार को वकार हो। (कपालः) कवालो । (उह्लापः) उह्लाओ । (कपोलः) कवोलो । (उपमा) उवमा । (शापः) सावो । (शपथः) नं. २६ से उभयत्र सकार । २३ से थ को ह । सवहो । (विप्रः) ५ से रेफलोप, ६ से द्वित्व । संयुक्त होने से पलोप नहीं होगा । विप्पो । एवं (सर्पः) सप्पो । (पतिः) नं. २ से तलोप । ५२ से इकारदीर्घ । आदिस्थ होने से पलोप नहीं होगा । पई । एवम्—(पण्डितः) पंडिओ ॥ १५ ॥

आपीडे मः ॥ १६ ॥

आपीडशब्दे पकारस्य मकारो भवति । आमेलो । (१-१९ ई = ए, २-२३ ड् = ल्, ५-१ अ) ॥ १६ ॥

आपीडे मः । आपीडशब्दे पकारस्य मः स्यात् । आमेलो ॥ १६ ॥

आपीडशब्द में पकार को म हो। 'एन्नीडापीड०' से एकार । नं. २० से ड को ल । आमेलो ॥ १६ ॥

नोट—नं. (५) सर्वत्र लवराम् । (१८) पो वः । (२) कगचज० । (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः (४२) अत ओत्सोः । (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम् । (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ । (२७) दशादिषु हः । (३४) सन्धौ अज्लोपविशेषा बहुलम् । (३१) ए शय्यादिषु । (२७) ष्टस्य ठः । (७) वर्गेषु युजः पूर्वः । (२६) शषोः सः । (२३) खघथधभां हः । (५२) सुभिसुप्सु दीर्घः । (२०) डस्य च ।

उत्तरीयानीययोर्ज्जो वा[2] ॥ १७ ॥

उत्तरीयशब्देऽनीयप्रत्ययान्ते च यस्य ज्जो भवति वा । उत्तरीअं, (२-२ य्लोपः, ५-३० विं०), एवमुत्तरत्रापि । उत्तरिज्जं । रमणीअं, रमणिज्जं । भरणीअं, भरणिज्जं ॥ १७ ॥

उत्तरीयानीययोर्यो* ज्जो वा—उत्तरीयशब्दे अनीयप्रत्यये च यकारस्य 'ज्ज' इत्ययमादेशो वा स्यात् । उत्तरिज्जं, उत्तरीअं । रमणिज्जं, रमणीअं । करणिज्जं, करणीअं । भरणिज्जं, भरणीयम् ॥ १७ ॥

टिप्पणी—ननु शेषादेशयोरिति द्वित्वे सिद्धे, उत्तरीयानीययोरिति सूत्रे जकारस्य

---

१. कगचजे-(सू० २-२) त्यादिना पलोप इत्यर्थः । २. क० पु० उत्तरीयानीययोर्यस्य जो वा । सू० पा० । आरमणिज्जं, आकरणिज्जं । अ० पा० । उत्तरीयानीययोर्यो ज्जो वा । इति केचित् ॥ * संजीवन्यादिसंमतः पाठः ।

द्वित्वविधानं किमर्थम् ? आदेशभूतत्वात् द्वित्वं तु भविष्यत्येवेति चेन्न। अस्य युक्तस्येत्यधिकारपठितत्वात् युक्तेभ्य एव संगतानां शेषादेशभूतानां द्वित्वम्। यथा-त्यथ्यद्यादेः-नच्चम्। सर्वत्र लवराम्-कम्मेत्यादि। इह यकारस्य जः इति न द्वित्वप्राप्तिः ॥१७॥

उत्तरीय-शब्द और अनीय-प्रत्ययसंबन्धी यकार को द्वित्वापन्न 'ज्ज' आदेश विकल्प से हो। (उत्तरीयम्) य को ज्ज-आदेश। 'इदीतः पानीयादिषु' से ईकार को इकार। ६२ से अनुस्वार पूर्ववत्। उत्तरिज्जं। पक्ष-में नं. २ से यलोप। उत्तरीअं। (करणीयम्) पूर्ववत्, 'ज्जादेश, इकार, अनुस्वार। करणिज्जं, करणीअं। एवम् 'भरणीयम्' का भरणिज्जं, भरणीअं ॥ १७ ॥

छायायां हः ॥ १८ ॥

छायाशब्दे यकारस्य हकारो भवति। छाहा ॥ १८ ॥

छायायां हः—अत्र यकारस्य वा हः स्यात्। छाहा, छाही। पक्षे-छाआ। 'आतपाभाव इति वक्तव्यम्'। तेनेह न-कणअच्छाअं अंगं। पउमछाअं मुहं ॥ १८ ॥

छायाशब्द में विद्यमान यकार को विकल्प से हकार हो। (छाया) यकार को हकार। 'आदीतौ बहुलम्' से जहाँ आकार होगा, वहाँ छाहा। ईकार होने पर छाही। पक्ष में-नं. २ से यलोप-छाआ। आतप के अभावस्वरूप 'छाया' शब्द में हकारादेश होगा, सादृश्यादि में नहीं होगा। जैसे—'कनकच्छायम्'-यहाँ नहीं होगा। क्योंकि आतपाभावस्वरूपा बोधिका छाया नहीं है। कनअच्छाअं। एवम्-पउमच्छाअं मुहं (पद्मच्छायं मुखम्)। उभयत्र कान्तिबोधक छाया शब्द है ॥ १८ ॥

कबन्धे बो मः ॥ १९ ॥

कबन्धशब्दे बकारस्य मकारो भवति। कमंधो। (४-१७ बिं०, ५-१ ओ) ॥ १९ ॥

कबन्धे बो मः—अत्र बस्य मः स्यात्। कमन्धो ॥ १९ ॥

कबन्धशब्द में ब को म हो। (कबन्धः) प्रकृत सूत्र से ब को मकार। ओत्व पूर्ववत् ४२ से जानना। कमन्धो ॥ १९ ॥

टो डः ॥ २० ॥

टस्यानादिवर्तिनो डकारो भवति। णडो। (२-४२ न् = ण्, ५-१ ओ)। विडओ। (२-१५ प् = व्, ५-१ ओ)। नटः। विटपः ॥ २० ॥

टो डः—अयुक्तस्यानादिस्थितस्य टस्य डः स्यात्। रडिअं। फुडं। कुक्कुडो। णडो। युक्तत्वान्नेह—भट्टो, घण्टा। आदावपि न-टङ्कारो ॥ २० ॥

किसीसे योग को नहीं प्राप्त ऐसे टकार को 'ड' आदेश हो। (रटितम्) नं. १९ से डादेश। २ से तकारलोप। पूर्ववत् अनुस्वार। रडिअं। एवम् (स्फुटम्) नं. ३ से सलोप। १९ से डकारादेश। फुडं। (कुक्कुटः) ट को ड। कुक्कुडो। (नटः) नं. २५ से न को ण। १९ से डादेश। णडो। जहाँ संयुक्त 'ट' होगा, वहाँ डादेश नहीं होगा। जैसे—(भट्टः) भट्टो। घण्टा। उभयत्र संयुक्त ट है। 'टङ्कारः' में आदिस्थ टकार है अतः ड आदेश नहीं होगा ॥ २० ॥

सटाशकटकैटभेषु ढः ॥ २१ ॥

एतेषु टकारस्य ढकारो भवति। सढा। सअढो (२-२ कूलोपः, ५-१ ओ)। केढवो (१-३५ ऐ = ए, २-२९ भ् = व्, ५-१ ओ) ॥२१॥

सटाशकटकैटभेषु ढः—एषु टस्य ढः स्यात्। सढा। सअढं। केढवो॥ २१॥

सटा·शकट-कैटभशब्दों के ट को ढ आदेश हो। (सटा) ढ आदेश। सढा (शकटम्) ढ आदेश। पुनः २६ से श को स। २ से कलोप। ६२ से अनुस्वार। सअढं। (कैटभः) ट को ढ। नं. १३ से ऐ को एकार। 'कैटभे वः' से भ को व। ओत्व पूर्ववत्। केढवो॥ २१॥

स्फटिके लः ॥ २२ ॥

स्फटिकशब्दे टकारस्य लकारो भवति। फलिहो। (३-१ सूलोपः, २-४ क् = ह्, ५-१ ओ) ॥ २२ ॥

स्फटिके लः—स्फटिकशब्दे टकारस्य लः स्यात्। फलिहो॥ २२॥

स्फटिकशब्द में ट को लकारादेश हो। (स्फटिकः) ट को लादेश। नं. ३ से स-लोप। 'स्फटिकनिकष' (२-४) से ककार को हकार। फलिहो॥ २२॥

नोट—नं. (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (४२) अत ओत्सोः। (१९) टो डः। (२) उपरि लोपः कगडतदपषसाम्। (१५) नो णः सर्वत्र। (२६) शषोः सः। (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः। (१३) ऐत एत्।

डस्य च ॥ २३ ॥

डकारस्यायुक्तस्थानादिभूतस्य लकारो भवति। दालिमं (५-३० बिं०)। तलाअं (२-२ गूलोपः, ५-३० बिं०)। वलही (२-२७भ्=ह्)। प्राय इत्येव[1]। दाडिमं (५-३० बिं०)। बडिशं (२-४३ श् = स्, ५-६० लि०)। णिबिडो (२-४२ न्=ण्, ५-१ ओ)। दाडिमः, तडागः, वलभी, बडिशं, निबिडम्॥ २३॥

डस्य च—अयुक्तस्यानादिस्थस्य डस्य लः स्यात्। तलाओ। निअलं। सोलह। अयुक्तस्य किम्? उड्डीणो। मण्डवो। अनादिस्थस्य किम्? डाइणी। डक्कारो। चकार-ग्रहणात् व्यवस्थितविभाषया क्वचिद् वा डस्य लः—गुलो, गुडो। दालिमं, दाडिमं। आमेलिअं, आपीडिअं। क्वचिन्नैव लः—लउडो। णिविडो॥ २३॥

असंयुक्त आदि में विद्यमान नहीं ऐसे ड को ल हो। (तडागः) ड को लादेश। नं. २ गलोप। सर्वत्र ४२ से ओकार होगा। तलावो। (निगडम्) निअलं, अनुस्वार ६२ से होगा। (षोडश) ड को लकार। नं. २७ से श को हकार, २६ से ष को स। सोलह। (उड्डीनः), (मण्डपः) उभयत्र ड संयुक्त है अतः लादेश नहीं होगा। नं. २५ से न को णादेश। १८ से प को व। उड्डीणो, मण्डवो। (डाकिनी), (डकारः)

---

१. क्वचिल्लकारो न भवतीत्यर्थः।

उभयत्र आदिस्थ डकार है अतः लादेश नहीं होगा। नं. २ से कलोप। २५ से न को ण। डाइणी, नं. ४१ से कद्वित्व। डक्कारो। चकार-ग्रहण से व्यवस्थित विभाषा है। अतः कहीं-कहीं विकल्प से द्वित्व होगा। जैसे—(गुडः) गुलो, गुडो। (दाडिमम्) दालिमं, दाडिमं। (आपीडितम्) आपीलिअं, आपीडिअं। २ से तकारलोप। ६२ से अनुस्वार। कहीं नहीं भी होता है। जैसे—(लकुडः) लउडो। (निबिडः) णिविडो। नं. २ से कलोप। २५ से णकारादेश॥ २३॥

ठो ढः॥ २४॥

ठकारस्यायुक्तस्यानादिभूतस्य ढकारो भवति। मढं। (५-३० विं०) एवमग्रेऽपि। जढरं। कढोरं। मठः, जठरं, कठोरम्॥ २४॥

ठो ढः—अयुक्तस्य अनादिस्थस्य ठस्य ढः स्यात्। पढिअं, कढिणं, लुढिओ, कमढो। संयुक्तत्वान्नेह-कण्ठो। आदिस्थत्वान्न-ठक्कुरो॥ २४॥

असंयुक्त अनादिस्थ ठ को ढ हो। (पठितम्) ठ को ढादेश। नं. २ से तलोप। पढिअं। (कठिनम्) ढादेश। २५ से णकारादेश। कढिणं। (लुठितः) ढकार आदेश। नं. २ से तकार का लोप। लुढिअं। (कमठः) कमढो। कण्ठः में संयुक्त ठ है। (ठक्कुरः) ठक्कुरो-आदिस्थ ठकार है। अतः ढादेश नहीं होगा॥ २४॥

अङ्कोले ल्लः॥ २५॥

अङ्कोलशब्दे लकारस्य ल्लकारो भवति। अङ्कोल्लो[1]। (५-१ ओ०)॥२५॥

अङ्कोठे* ल्लः—ठस्य ल्ल इत्ययमादेशः स्यात्। अंकोल्लो॥ २५॥

अंकोठशब्द में ठ के स्थान पर द्वित्व 'ल्ल' आदेश हो। (अंकोठः) अंकोल्लो। प्रश्न—'शेषादेशयोः' से द्वित्व होकर 'ल्ल' आदेश सिद्ध था, फिर द्वित्व लकारविधान क्यों? उत्तर—'शेषादेशयोः' से संयुक्त वर्ण के स्थान पर जहाँ आदेश होगा, वहीं द्वित्व होगा। क्योंकि 'युक्तस्य' के अधिकार में 'शेषादेशयोः' पठित है। अत एव द्वित्व ल्ल आदेश का विधान है॥ २५॥

नोट—नं.-(२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (४२) अत ओत् सोः। (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः। (२७) दशादिषु हः। (२६) शषोः सः। (२५) नो णः सर्वत्र। (१८) पो वः। (४१) नीडादिषु।

फो भः॥ २६॥

फकारस्यायुक्तस्यानादिभूतस्य भकारो भवति। सिभा (२-४३ श् = स्)। सेभालिआ (२-२ कूलोपः)। सभरी (२-४३ श्=स्)। संभलं। (५-३० विं०)[2]॥ २६॥

खघथधभां हः॥ २७॥

खादीनां पञ्चानामयुक्तानामनादिवर्तिनां हकारो भवति। खस्य तावत्-

१. क० पु० अङ्कोटे लः। अङ्कोटशब्दे टकारस्य लकारो भवति। अङ्कोलो॥

* संजीवनीसंमतः पाठः।

२. क० पु० अयुक्तस्येति किम्? तवप्फलं। अनादाविति किम्? फलिहो। अ० पा०॥

मुहं । (५–३० बिं०) । मेहला । घस्य, मेहो (५–१ ओ) । जहणं (२–४२ न् = ण् , ५–३० बिं०) । थस्य, गाहा । सवहो । (२–१५ सू० स्प०) । धस्य, राहा । वहिरो (५–१ ओ) । भस्य, सहा । रासहो (५–१ ओ) । प्राय इत्येव)[1]–पखलो (३–३ र्लोपः, ५–१ ओ) । पलङ्घणो (३–३ र्लोपः) ४–१७ वर्गान्तबिन्दुः, २=४२ न् = ण् , ५–१ ओ) । अधीरो (५–१ ओ) । अधणो (२–४२ न्=ण् , ५–१ ओ) । उवलद्धभावो (२–१५ प् = व् , ३–३ ब्लोपः, ३–५० ध्द्वित्वम् , ३–५१ ध्=द् , प्रायोग्रहणात् न ब्लोपः, ५–१ ओ) । मुखम् , मेखला, मेघः, जघनं, गाथा, शपथः, राधा, बधिरः, सभा, रासभः, प्रखलः, प्रलङ्घनः, अधीरः, अधनः, उपलब्धभावः ॥ २७ ॥

खघथधफभां* हः—अयुक्तानामनादौ स्थितानामेषां हः स्यात् । (खस्य) मुहला, मेहला । (घस्य) मेहो, अमोहो । (थस्य) पहिओ, महिओ । (धस्य) अहरो, वहिरो । (फस्य) सुहला, सेहालिआ । (भस्य) वल्लहो, करहो । अयुक्तानामिति किम् ? णिग्घोसो । पत्थरो । णिप्फलो । णिब्भरो । आदिस्थत्वात्–खलो, घणो, थिरो, धीरो, फणा, भीसणा इत्यादिषु न । केचित्तु—'फो भः' इति सूत्रं पठित्वा फस्य भकारमिच्छन्ति ? तन्नये–सभलं, सेभालिआ । 'न हत्वं खघथादीनां परेषां बिन्दुतो भवेत् ।' तेन–संखो, लंघणं, मंथरा, किंफलो, इत्यादौ न । प्रायःपदानुवृत्त्या–अखंडो, थिरो, अधमो, बहुफलो, अभओ, इत्यादौ न । 'ककुदे दस्य ह इष्यते'–ककुहं ॥ २६–२७ ॥

असंयुक्त और आदि में नहीं विद्यमान ऐसे ख-घ-थ-ध-फ-भ को हकारादेश हो । ख का उदाहरण—(मुखरा) ख को हकार । नं. ६२ से र को ल । मुहला । (मेखला) ख को ह । मेहला । (मेघः, अमोघः) घ को ह आदेश । ओत्व नं. ४२ से । मेहो, अमोहो । (पथिकः, मथितः) थ को ह । नं. २ से ककार और तकार का लोप । ओकार पूर्ववत् । पहिओ । महिओ । (अधरः, बधिरः) ध को ह आदेश । अहरो । वहिरो । (सुफला, शेफालिका) उभयत्र फ को ह। सुहला। सेहालिआ । इसमें नं. २ से ककार-लोप । (वल्लभः, करभः) भ को ह । वल्लहो । करहो । असंयुक्त खादि जहाँ नहीं होंगे वहां हकारादेश नहीं होगा । जैसे निर्घोषः, प्रस्तरः, इत्यादिकों में घकारादि के साथ रेफादि का संयोग है । (निर्घोषः) ५ से रेफलोप, ६ से द्वित्व । ७ से ग । २६ से ष को स । २५ से न को ण । णिग्घोसो । (प्रस्तरः) २९ से स्त को थ । अन्य कार्य पूर्ववत् । पत्थरो । (निष्फलः) २५ से न को ण । ३ से षलोप । ६ से द्वित्व । ७ से पकार । णिप्फलो । संयुक्त होने से फ को ह नहीं हुआ । एवं (निर्भरः) का पूर्ववत्–णिब्भरो । (खलः) खलो । (घनः) घणो । (स्थिरः) थिरो । (धीरः) धीरो । (फणा) फणा । (भीषणा) भीसणा—इत्यादिकों में आदिस्थ खादिक हैं, अतः हादेश नहीं होगा ।

पुस्तकान्तर में 'फो भः' सूत्र पृथक् है, और सेफालिका का 'सेभालिआ' सफल का

---

१. क्वचिद् हकारो नेत्यर्थः ॥ * संजीवनीसंमतः पाठः ।

'सभल' मानते हैं। परन्तु 'सफल' का सहल भी होगा, क्योंकि सहल प्रसिद्ध है। इसका मूल सफल ही हो सकता है। मेरे सिद्धान्त से यह उर्दू-फारसी शब्द नहीं है।

बिन्दु से पर खादिकों को हादेश नहीं होगा। जैसे—शंखः। लंघनम्। मंथरा। किंफलः इत्यादिकों में ह आदेश नहीं होगा। प्रायःपदानुवृत्ति से-अखण्डो, थिरो, अधमो, बहुफलो, अभओ-इत्यादिक में 'ह' नहीं होगा, साधुत्व इनका पूर्ववत् है। ककुद-शब्द में द को ह आदेश हो। (ककुदः) द को ह हो गया। ककुहो ॥ २६-२७ ॥

नोट—नं. (६३) हरिद्रादीनां रो लः। (४२) अत ओत्सोः (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (५) सर्वत्र लवराम्। (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ। (७) वर्गेषु युजः पूर्वः। (२६) शषोः सः। (२५) नो णः सर्वत्र। (२९) स्तस्य थः। (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम्।

प्रथमशिथिलनिषधेषु ढः ॥ २८ ॥

एतेषु थधयोर्ढकारो भवति। पढमो (३-३ र्लोपः, ५-१ ओ)। सिढिलो (२-४३ श्=स्, ५-१ ओ)। णिसढो (२-४३ श्=स्, शेषं पूर्ववत्) ॥ २८ ॥

प्रथमशिथिलनिषधेषु ढः—एषु थस्य धस्य च ढः स्यात्। पढमो। सिढिलो। निसढो ॥ २८ ॥

प्रथम-शिथिल-निषध-शब्दों में थकार और धकार को ढ आदेश हो। (प्रथमः) ५ से रेफलोप। थ को ढ आदेश। पढमो। (शिथिलः) २६ से श को स। उक्त सूत्र से ढकार। सिढिलो। (निषधः) २५ से न को ण। २६ से ष को स। उक्त सूत्र से ढकार। णिसढो ॥ २८ ॥

कैटभे वः ॥ २९ ॥

कैटभशब्दे भकारस्य वकारो भवति। केढवो। (१-३५ ऐ=ए, २-२१ ट्=ढ्, ५-१ ओ) ॥ २९ ॥

कैटभे वः—अत्र भस्य वः स्यात्। केढवो ॥ २९ ॥

कैटभशब्द में भ को व हो। इससे भ को व हो गया। 'सटाशकटकैटभेषु ढः' से ट को ढ हो गया। १२ से ऐ को एकार। केढवो ॥ २९ ॥

हरिद्रादीनां रो लः ॥ ३० ॥

हरिद्रा इत्येवमादीनां रेफस्य लकारो भवति। हलद्दा (१-१३ इ=अ, ३-३ र्लोपः, ३-५० द्द्वि०, ५-२४ आत्वं बाहुल्यात्)। चलणो (२-४२ न्=ण्, ५=१ ओ)। मुहलो (५-२७ ख्=ह्, ५-१ ओ)। जहिट्ठिलो (१-२२सू० स्प०)। सोमालो[1] (५-१ ओ)। कलुणं (प्रायोग्रहणात्

---

१. नवा, मयूख, लवण, चतुर्गुण, चतुर्थ, चतुर्दश, चतुर्वार, सुकुमार, कुतूहल, उदूखल, उलूखले, ८। १। १७१। मयूखादिष्वादेः स्वरस्य परेण सस्वरव्यञ्जनेन सह ओद् वा भवति। मोहो, मऊहो इत्यादि। हेम०। पक्षे-सुउमालो ॥

कलोपाभावः, ५-३० बिंदुः)। अङ्गुली (स्पष्टम्)। इङ्गालो (४-१७ बिन्दुः, ५-१ ओ)। चिलादो (२-३३ क्=च् , २-७ त्=द् , ५-१ ओ)। फलिहा (२-३६ प्=फ् , २-२७ ख् = ह्)। फलिहो (५-१ ओ, शे० पूर्ववत्)। हरिद्रा-चरण-मुखर-युधिष्ठिर-सुकुमार-करुण-अंगुरी-अङ्गार-किरात-परिखा-परिघ-इत्येवमादयः ॥ ३० ॥

हरिद्रादीनां रो लः—हरिद्रासदृशेषु शब्देषु रेफस्य लः स्यात्। हलद्दी। मुहलो। इंगालो। सोमालो। जुहिट्ठिलो। चिलाओ। फलिहो ॥ ३० ॥

हरिद्रादिक शब्दों के रेफ को ल आदेश हो। (हरिद्रा) इससे रेफ को लादेश। 'द्रे रो वा' से रेफलोप। 'अत् पथि०' से इ को अकार। ६ से दद्वित्व। ५४ से ईकार। हलद्दी। (मुखरः) २३ से ख को ह। उक्त सूत्र से रेफ को लकार। मुहलो। (अङ्गारः) 'इदीषत्०' से अ को इकार। इङ्गालो। (सुकुमारः) सोमालो, का (१।२१) सूत्र पर साधुत्व है। (युधिष्ठिरः) २४ से य को ज। २३ से ध को ह। ३ से षलोप। ६ से द्वित्व। ७ से टकार। प्रकृत से र को ल। जुहिट्ठिलो। (किरातः) 'किराते चः' से ककार को च। २ से तलोप। उक्त सूत्र से र को ल। चिलाओ। (परिघः) इससे र को ल। 'पुरुषपरिघ०' से प को फ। २३ से घ को ह। फलिहो ॥ ३० ॥

आदेर्यो जः ॥ ३१ ॥

अनादेरिति निवृत्तम्। आदिभूतस्य यकारस्य जकारो भवति। जट्ठी (३-१० ष्ट्=ठ्, ३-५० ठद्वित्वम्, ३-५१ ठ्=ट्, ५-१८ दीर्घः)। जसो (२-४३ श्=स्, ४-६ स्लोपः, ४-१८ पुंस्त्वं, ५-१ ओ)। जक्खो (३-२९ क्ष्=ख्, ३-५१ ख्=क्, ५-१ ओ)। यष्टिः, यशः, यक्षः ॥ ३१ ॥

आदेर्यो जः—आदिभूतस्य यकारस्य जः स्यात्। जोव्वणं। जुअई। जामिणी। अनादिस्थत्वान्नेह-अवयवो। भूतपूर्वकस्यापि यस्य जादेश इष्यते। गाढजोव्वणं। बालजुवई। संजमो। सुजोग्गो ॥ ३१ ॥

आदि में विद्यमान य को जकार हो। (यौवनम्) य को ज। १४ से औकार। ४१ से वद्वित्व। २५ से न को ण। ६२ से अनुस्वार। जोव्वणं। (युवतिः) य को ज। २ से तकार का लोप। ६० से सुलोप। ५२ से दीर्घ। जुवई। (यामिनी) जादेश। २५ से न को ण। जामिणी। अवयवो-यहां आदि में यकार नहीं है। प्रथम आदि में हो, बाद में समासादि के कारण आदि में न भी हो तो भी जकारादेश होगा। जैसे—गाढजोव्वणं। बालजुवई। संजमो। (सुयोग्यः) ४ से यलोप। ६ से द्वित्व। य को जकारादेश। सुजोग्गो ॥ ३१ ॥

यष्ट्यां लः ॥ ३२ ॥

यष्टिशब्दे यकारस्य लकारो भवति। लट्ठी। (जट्ठीवत्) ॥ ३२ ॥

यष्ट्यां लः—यष्टिशब्दे यकारस्य लकारः स्यात्। लट्ठी। तदन्तेऽपि-खग्गलट्ठी। महुलट्ठी॥ ३२॥

यष्टिशब्द में य को ल हो। इससे ल होगा। २८ से ष्ट को ठ। ६ से द्वित्व। ७ से टकार। ६० से सुलोप। ५२ से दीर्घ। लट्ठी। तदन्त में भी ल होगा। खग्गलट्ठी। ३ से डलोप। महुलट्ठी। २३ से ह॥ ३२॥

नोट—नं. (५) सर्वत्र लवराम्। (२६) शषोः सः। (२५) नो णः सर्वत्र। (१३) ऐत एत। (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ। (२३) खघथधभां हः। (२४) आदेर्यो जः। (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम् (७) वर्गेषु युजः पूर्वः। (१४) औत ओत्। (४१) नीडादिषु। (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः। (६०) अन्त्यस्य हलः। (५२) सुभिसुप्सु दीर्घः। (४) अधो मनयाम्। (२८) ष्टस्य ठः।

किराते चः॥ ३३॥

किरातशब्दे आदेर्वर्णस्य चकारो भवति। चिलादो (२-३० सू. स्प.[१])॥

किराते चः—किरातशब्दे आदिवर्णस्य चः स्यात्। चिलाओ। म्लेच्छवाच्ये एव, नेह—किराओ हरः॥ ३३॥

किरात शब्द में आदिस्थ ककार को चकार हो। नं. २६ से र को ल आदेश। २ से तलोप। चिलाओ। म्लेच्छवाचक किरात में चकारादेश होगा। 'किराओ हरः' यहाँ नहीं होगा॥ ३३॥

✓कुब्जे खः॥ ३४॥

कुब्जशब्दे आदेर्वर्णस्य खकारो भवति। खुज्जो[२]। (३-३ ब्लोपः, ३-५० ज्द्वि०, ५-१ ओ)॥ ३४॥

कुब्जे खः—कुब्जशब्दे आदेर्वर्णस्य खादेशः स्यात्। खुज्जो। 'खादेशो नम्रदेहत्वे न कुब्जे पुष्पवाचिनि'। 'फुल्लइ कुज्जं वसंतम्मि'॥ ३४॥

कुब्जशब्द में ककार को ख आदेश हो। ५ से वलोप। २ से जकारद्वित्व। खुज्जो। यह ख-आदेश नम्रदेह वाचक कुब्ज शब्द में होगा। यहाँ नहीं होगा। जैसे—'फुल्लइ कुज्जं वसंतम्मि'॥ ३४॥

✓दोलादण्डदशनेषु डः[३]॥ ३५॥

एषु आदेर्वर्णस्य डकारो भवति। डोला। डंडो (५-१ ओ)। डसणो (२-४३ श् = स् २-४२ न् = ण्, ५-१ ओ)॥ ३५॥

दोलादण्डदशनेषु डः—एषु आदेर्वर्णस्य डः स्यात्। डोला, डंडो, डसणो॥ ३५॥

---

१. चिलाओ। पुलिन्द एवायं विधिः, तेन कामरूपिणि नेष्यते। नमिमो हरकिरायं-इति हे०। २. क० पु० खज्जो-पाठः। ३. दशन, दष्ट, दग्ध, दोला, दण्ड, दर, दाह, दम्भ, दर्भ, कदन, दोहदे दो वा डः ८। १। ११७। एषु दस्य डो वा भवति। हे०।

दोला-दण्ड-दशन-शब्दों के आदिभूत दकार को ड आदेश हो। (दोला) ड आदेश हो गया। डोला। (दण्डः) डंडो। (दशनाः) २६ से श को स। ४३ से जस का लोप। ४८ से दीर्घ। २५ से न को ण। दसणा ॥ ३५ ॥

परुषपरिघपरिखासु फः[1] ॥ ३६ ॥

एतेषु आदेर्वर्णस्य फकारो भवति। फरुसो (२-४३ ष् = स्, ५-१ ओ)। फलिहो। फलिहा (२-३० सू० स्प०) ॥ ३६ ॥

पनसेऽपि[2] ॥ ३७ ॥

पनसशब्देऽपि पकारस्य फकारो भवति। फणसो। (२-४२ न् = ण्, ५-१ ओत्वम्) ॥ ३७ ॥

परुषपरिघपरिखासु फः—एषु आदेर्वर्णस्य फः स्यात्। फरुसं, फलिहो, फलिहा। 'पनसेऽपि पकारस्य फकारादेश इष्यते'-फणसं ॥ ३६-३७ ॥

परुष-परिघ-परिखा-शब्दों के आदिभूत प को फ आदेश हो। (परुषम्) २६ से ष को स। ६२ से अनुस्वार। इससे प को फ-आदेश। फरुसं। (परिघः। परिखा) उभयत्र ६३ से र को ल आदेश। २४ से घ और ख को ह आदेश। फलिहो, फलिहा। 'पनसेऽपि'। पनसशब्द में भी प को फ आदेश हो। पनसः। ५ से न को ण। फणसो ॥

बिसिन्यां भः ॥ ३८ ॥

बिसिनीशब्दे आदेर्वर्णस्य भकारो भवति। भिसिणी (२-४२ न् = ण्)। स्त्रीलिङ्गनिर्देशादिह न भवति-बिसं (२-४३ ष् = स्, ५-३० विं०) ॥ ३८ ॥

बिसिन्यां भः—बिसिनीशब्दे आदिस्थस्य बस्य भः स्यात्। भिसिणी। 'अस्त्रियां तु वा'-भिसं, बिसं ॥ ३८ ॥

बिसिनीशब्द में ब को भ हो। (बिसिनी) भिसिणी पूर्ववत् णकारादेश। अस्त्रीलिङ्ग में अर्थात् जहाँ स्त्रीलिङ्ग नहीं है वहाँ विकल्प से हो। 'प्राधान्याद् बिसशब्दस्य स्याद् भादेशोऽस्त्रियां तु वा'। (बिसम्) भिसं, बिसं ॥ ३८ ॥

मन्मथे वः ॥ ३९ ॥

मन्मथशब्दे आदेर्वर्णस्य वकारो भवति। वम्महो। (३-४३ न्म् = म्, ३-५० म्द्वित्वम्, २-२७ थ् = ह्, ५-१ ओत्वम्) ॥ ३९ ॥

मन्मथे वः—अत्र आदेर्मस्य वः स्यात्। वम्महो ॥ ३९ ॥

मन्मथशब्द में आदिस्थ म को व आदेश हो। (मन्मथः) इससे व आदेश। 'न्मो मः' से न्म को म आदेश। २२ से थकार को हकार। ६ से मकारद्वित्व। वम्महो ॥ ३९ ॥

---

१. परुषपलितपरिखासु फः इति पाठे पलितेत्यपपाठः प्रतीयते। पलिते वा ८। १। २१२। पलिलं, पलिअं। हेम० इत्युदाहृतम्। २. पनसेऽपि-इति पृथक् सूत्रं नास्ति संजीवन्यादिषु।

लाहले णः ॥ ४० ॥

लाहलशब्दे आदेर्वर्णस्य णकारो भवति । णाहलो । (ओत्वं पूर्ववत्) ॥

लाहललाङ्गललाङ्गूलेषु वा णः*—एषु आदेर्वर्णस्य णादेशो वा स्यात् । णाहलो, लाहलो । णांगलं, लांगलं, णांगूलं, लांगूलं ॥ ४० ॥

लाहल-लाङ्गल-लाङ्गूल-शब्दों में आदि वर्ण को णकार विकल्प से हो । (लाहलः) विकल्प से आदि ल को ण हो गया । णहलो, लाहलो । (लाङ्गलम्) णंगलं, लंगलं । (लाङ्गूलम्) णंगूलं, लंगूलं । सर्वत्र ५८ से दीर्घ । 'आ' को ह्रस्व 'अ' होगा ॥ ४० ॥

नोट—नं. (६२) हरिद्रादीनां रो लः । (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः । (५) सर्वत्र लवराम् । (२६) शषोः सः । (४३) जश्शसोर्लोपः । (४८) जश्शस्ङ्यास्सु दीर्घः । (३५) नो णः सर्वत्र । (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः । (२३) खघथधभां हः । (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ । (५८) अदातो यथादिषु वा ।

षट्शावकसप्तपर्णानां छः ॥ ४१ ॥

एतेषामादेर्वर्णस्य छकारो भवति । छट्ठी (३-१० ष्ठ् = ठ् , शे०, २-३१ सू० स्प०) । छम्मुहो (१०-५¹ ण् = न् , ३-४३ न्म् = म् , ३-५० म्द्विित्वम् , २-२७ ख् = ह् , ५-१ ओ) । छावओ (२-२ क्लोपः, ५-१ ओ) । छत्तवण्णो (३-१ प्लोपः, ३-५० त्द्वि०, २-१५ प् = व्, ३-३ र्लोपः, ३-५० ण्द्वित्वम् , ५-१ ओ) । षष्ठी, षण्मुखः शावकः, सप्तपर्णः ॥

षट्शावसप्तपर्णेषु छः†—एष्वादेर्वर्णस्य छः स्यात् । छट्ठो । छप्पओ । छम्मुहो । छाओ । छत्तवण्णो ॥ ४१ ॥

षट्-शाव-सप्तपर्ण-शब्दों में आदिस्थ वर्ण को छकारादेश हो । (षष्ठः, षष्ठी) ष को छ हो गया । ३ से षलोप । ६ से द्वित्व । ७ से टकार । छट्ठो । एवं छट्ठी । (षट्पदः) 'उपर्यपि च वक्तव्यो लोपो वर्णान्तरस्य च' । इससे अथवा भूतपूर्वत्वेन या स्थानित्वेन षकार मान कर ३ से ष-स्थानिक टकार का लोप । ६ से पद्वित्व । २ से दलोप । ४२ से ओकार । छप्पओ । (षण्मुखः) पूर्ववत् णकारलोप । मकार को द्वित्व । २३ से ख को ह आदेश । छम्मुहो । (शावः) छकारादेश । २ से वकारलोप । छाओ । (सप्तपर्णः) ३ से पलोप । २ से द्वित्व । १८ से प को व । ५ से रेफलोप । ३ से णकारद्वित्व । ओकार सर्वत्र ४२ से जानना ॥ ४१ ॥

नो णः सर्वत्र ॥ ४२ ॥

आदेरिति निवृत्तम्² । सर्वत्र नकारस्य णकारो भवति³ । णई (२-२ द्लोपः, ५-२८ दीर्घः) । कणअं (२-२ क्लोपः, ५-३० बिं०) ।

---

*संजीवन्यादिसंमतः पाठः । १. व्यत्ययात्प्राकृतेऽपि । †संजीवन्यादिसंमतः पाठः । २. सर्वत्रेति ग्रहणात् । ३. अयुक्तस्येत्येव क्वचित्पाठः । अयुक्तस्येति, किम् ? कन्दरा । अन्तरम् ।

वअणं (२–२ च्लोपः, ५–३० बिन्दुः) । माणंसिणी (१–२ सू० स्प०) । नदी, कनकम् , वचनम् , मनस्विनी ॥ ४२ ॥

नो णः*—वर्णान्तरेणासंयुक्तस्य नस्य णः स्यात् । घणत्थणी । णश्रणं । वश्रणं । संयुक्तत्वात्-कन्दरा, अन्तरा, इत्यादौ न । इह अयुक्तत्वम्, वर्णान्तरेणासंयुक्तत्वमपेक्षितम्, तेन-उण्णश्रो, पण्णश्रो इत्यादौ णत्वं भवत्येव । क्वचिदादिस्थत्वेऽपि णत्वमिष्यते । णूणं ॥ ४२ ॥

वर्णान्तर से असंयुक्त न को ण हो । (घनस्तनी) उभय न को ण हो गया । २९ से स्त को थ आदेश । ६ से द्वित्व । ७ से तकार । घणत्थणी । (नयनम्) उभय नकार को णकार । ६२ से अनुस्वार । २ से पलोप, णअणं । एवम् (वचनम्) का वअणं । यहाँ चकारलोप होगा । कन्दरा, यहाँ द से, अन्तरा यहाँ त से संयुक्त न है अतः णकारादेश नहीं होगा । यहाँ असंयुक्त पद से दूसरे वर्ण से योग न हो यह अपेक्षित है । अतः (उन्नतः, पन्नगः) यहाँ वर्णान्तर से संयुक्त न है किन्तु नकार और नकार का ही योग है अतः ण हो जायगा । ३ से दलोप । ६ से द्वित्व । २ से तकार-गकार का लोप । उण्णओ, पण्णओ । कहीं आदिस्थ भी न को ण हो । (नूनम्) दोनों न को ण हो गया । णूणं ॥ ४२ ॥

शषोः सः ॥ ४३ ॥

सर्वत्र शकारषकारयोस्सकारो भवति । शस्य, सद्दो[1] (३–३ व्लोपः, ३–५० द्वि०, ५–१ ओ) । णिसा (२–४२ न् = ण्) । अंसो[2] (५–१ ओत्वं) । षस्य, संढो (४–१७ वर्गान्तबिन्दुः, २–२४ ढ् = ठ् , ओत्वं पू० , ३–५६ द्वि० न) । वसहो (१–२७ ऋ = अ, २–२७ भ् = ह् , ओत्वं पू०) । कसाअं (२–२ य्लोपः, ५–३० बिं०) । शब्दः, निशा, अंशः, षण्ढः, वृषभः, कषायम् ॥ ४३ ॥

शषोः सः—शकारषकारयोः सः स्यात् । ससश्रो । सोहिश्रो । श्रस्सो । श्रस्समो । महिसो । वसहो । सेसो । मेसो ॥ ४३ ॥

श और ष को दन्त्य स हो । (शशकः) दोनों श को स हो गया । २ से कलोप । ओत्व पूर्ववत् । ससओ । एवं (शोभितः) २३ से भ को हादेश । तलोप-सादेशादि पूर्ववत् । सोहिओ । (अश्वः, आश्रमः) ५ से वकार-रेफलोप । ६ से द्वित्व । सकार-ओत्व पूर्ववत् । अस्सो, अस्समो । इसमें ५८ से दीर्घ को ह्रस्व अकार होगा । (महिषः, शेषः, मेषः) इत्यादि में ष और श को स हो जायगा, अन्य कार्य पूर्ववत् । महिसो, सेसो, मेसो । (वृषभः) ९ से ऋ को अकार । २३ से भ को ह । सकार प्रकृत सूत्र से । वसहो ॥ ४३ ॥

नोट—नं. (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम् । (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ ।

---

* सर्वत्र-इत्यधिकं भामहवृत्तौ ।

१. सद्दो इति क्वचित् । २. अंकुसो इति क्वचित् , तत्र अङ्कुश इति संस्कृतम् ।

(७) वर्गेषु युजः पूर्वः । (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः । (४२) अत ओत्सोः । (२३) खघथधभां हः । (२८) पो वः । (५) सर्वत्र लवराम् । (२९) स्तस्य थः । (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः । (५८) अदातो यथादिषु वा ।

दशादिषु हः ॥ ४४ ॥

दश इत्येवमादिषु शकारस्य हकारो भवति । दह (स्पष्टं) । एआरह (२-२ क्लोपः, २-१४ द् = र्) । बारह (३-१ द्लोपः, २-१४ द् = र्) । तेरह (१-६ सू० स्प०) । दश, एकादश, द्वादश, त्रयोदशाः ॥

दशादिषु हः—दशादिषु अष्टादशपर्यन्तेषु शस्य हः स्यात् । दह । एआरह । बारह । तेरह । चउद्दह । पण्णरह । सोलह । सत्तरह । अट्ठारह । व्याख्यानात् संख्यावाची एव दशशब्दो गृह्यते । यद्वा आदिपदोपादानात् दशशब्द एव गृह्यते, न तु दशाशब्दः, तेनेह न—(अदशो वीरः) अदसो वीरो । सिंहावलोकनन्यायेन वेत्यपकृष्य व्याख्येयम्-विकल्पेन हः स्यात् । तेनेह न-दसमी अवत्था । दससु दिसासु । 'पाषाणेऽपि षस्य हः' । पाहाणो । सहचरितत्वात् 'शषो'रनुवृत्त्या षोडशेत्यत्र हादेशः कथं न ? आदिस्थत्वात् । अष्टादशेत्यत्र 'ष्टस्य ठः' इत्यनेन बाधात् ॥ ४४ ॥

अष्टादशपर्यन्त दशादिक शब्दों के शकार को हकार हो । विंशादिकों में 'दश' शब्द नहीं है अतः फलितार्थ अष्टादश कहा है । (दश) श को ह हो गयाँ । दह । (संख्यायां च १२-१४) सूत्र की व्याख्या में एआरह, बारह, तेरह, चउद्दह, सत्तरह, अट्ठारह का साधुत्व है, वहाँ से जान लेना । (पञ्चदश) 'ञ्ज्ञपञ्चाशत्पञ्चदशसु णः' इससे णादेश । ६ से द्वित्व । १७ से द को रेफादेश । २७ से श को ह । पण्णरह । सोलह पद का साधुत्व 'डस्य च' २-२३ सूत्र पर है ।

'दश' पद से संख्यावाची दश शब्द का ग्रहण है, क्योंकि सूत्र में आदिपदोपादान से दशा आदिक यह अर्थ नहीं हो सकता, अतः 'अदशः' इत्यादिक में हादेश नहीं होगा । क्योंकि यहाँ दशा-शब्दजन्य दशशब्द है । 'सिंहावलोकन' न्याय से, 'संज्ञायां वा' से वा का अपकर्षण करके विकल्प से हकारादि हो—यह अर्थ करना । तो—दसमी अवत्था, दससु दिसासु, इत्यादि में ह नहीं होगा । वा को व्यवस्थित बहुलत्व होने से ष को हकार होगा । (पाषाणः) पाहाणो । षोडश में आदिस्थ ष है । अष्टादश में 'ष्टस्य ठः' से बाध हो जायगा ॥ ४४ ॥

संज्ञायां वा ॥ ४५ ॥

संज्ञायां गम्यमानायां दशशब्दे शस्य हत्वं वा भवति । दहमुहो । पक्षे-दसमुहो (२-४३ श् = स् , २-२७ ख् = ह् , ५-१ ओ) । दहबलो, दसबलो (पूर्ववत्) । दहरहो, दसरहो (२-२७ थ् = ह् , ५-१ ओत्वम्) । दशमुखः, दशबलः, दशरथः ॥ ४५ ॥

१. दशपाषाणे हः ८ । १ । २६२ । दहमुहो, दसमुहो । पाहाणो, पासाणो । हे० ।

संज्ञायां वा—नाम्नि वाचिनि दशशब्दे शस्य वा हः स्यात्। दहमुहो, दसमुहो। दहरहो, दसरहो ॥ ४५ ॥

संज्ञावाचक दश-शब्द के शकार हो हकार विकल्प से हो। (दशमुखः) २३ से ख को ह। प्रकृत से श को विकल्प से ह। दहमुहो। पक्ष में-२६ से सकार। दसमुहो। एवं (दशरथः) २३ से थ को ह। दहरहो, दसरहो ॥ ४५ ॥

दिवसे सस्य[1] ॥ ४६ ॥

दिवसशब्दे सकारस्य हकारो वा भवति। दिअहो, दिअसो। (२-२ वलोपः, ५-१ ओ)। दिवसः ॥ ४६ ॥

दिवसे सस्य—दिवसे सस्य वा हः स्यात्। दिअहो, दिअसो ॥ ४६ ॥

दिवस-शब्द के स को ह विकल्प हो। ५ से वलोप। (दिवसः) दिअहो। पक्ष में-दिवसो ॥ ४६ ॥

स्नुषायां ण्हः[2] ॥ ४७ ॥

इति वररुचिकृतप्राकृतसूत्रेषु अयुतवर्णविधिर्नाम द्वितीयः परिच्छेदः।



स्नुषाशब्दे षकारस्य ण्हकारो भवति। सोण्हा (१-२० ओत्वम्, ३-२ नकारलोपः) ॥ ४७ ॥

इति भामहविरचितायां प्राकृतप्रकाशव्याख्यायां मनोरमायां द्वितीयः परिच्छेदः।



स्नुषायां ण्हः—स्नुषाशब्दे षस्य ण्हादेशः स्यात्। सोण्हा ॥ ४७ ॥


इति श्री म० म० मथुराप्रसादकृतायां चन्द्रिकाव्याख्यायां द्वितीयः परिच्छेदः।



स्नुषा-शब्द के ष को ण्हादेश हो। (स्नुषा) ४ से नकार का लोप। 'उत ओत् तुण्डसमेषु' से उकार को ओकार। ष को ण्ह आदेश। सोण्हा ॥ ४७ ॥

नोट—नं. (९) ऋतोऽत्। (२३) खघथधभां हः। (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ। (२७) संख्यायां च। (२७) दशादिषु हः। (२६) शषोः सः। (५) सर्वत्र लवराम्। (४) अधो मनयाम्। इति।

इति श्री म०म० मथुराप्रसादकृतायां प्राकृतप्रकाशस्य प्रदीपटीकायां द्वितीयः परिच्छेदः।



---

१. दिवसे सः ८।१।२६२। दिवहो, दिवसो। हे०। २. स्नुषायां ण्हो न वा ८।१।२६१। सुण्हा, सुसा। हे०।

तृतीयः परिच्छेदः

(अथ युक्तविधिरुच्यते)

उपरि लोपः कगडतदपषसाम् ॥ १ ॥

कादीनामष्टानां युक्तस्योपरि स्थितानां लोपो भवति। कस्य तावत्, भत्तं (३–५० तृद्धि०, ५–३० विं०)। सित्थओ (३–५० थृद्धि०, ३–५१ थ् = त्, २–२ कृलोपः, ५–१ ओ)। गस्य, मुद्धो (३–५० धृद्धि० ३–५१ ध् = द्, ५–१ ओ)। सिणिद्धो (२–४२) न् = ण्, ३–५९ अधिकारसूत्रात् विप्रकर्षः पूर्वस्वरता च, ३ = ५० धृद्धि०, ३–५१ ध् = द्, ओ० पू०) डस्य, खग्गो (३–५० गृद्धि०, ओ पू०)। तस्य, उप्पलं (३–५० पृद्धि०, ५–३० विं०)। उप्पाओ (३–५० पृद्धि०, २–२ तृलोपः, ५–१ ओ)। दस्य, मुग्गा (३–५० गृद्धि, ५–११ दीर्घः, ५–२ जसो लोपः)। मुग्गरो (५–१ ओ, शे० पू०)। पस्य, सुत्तो[1] (३–५० तृद्धि०, ओ० पू०)। षस्य, गोट्ठी (३–५० ठृद्धि०, ३–५१ ठ् = ट्)। णिट्ठुरो (२–४२ न् = ण्, ३–५० ठृद्धि०, ३–५१ ठ् = ट्, ५–१ ओ)। सस्य, खलिअं (२–२ तृलोपः, ५–३ बिं०)। णेहो (२–४२ न् = ण्, ५–१ ओ)। भक्तम्, सिक्थकम्, मुग्धः, स्निग्धः, खड्गः, उत्पलम्, उत्पातः, मुद्गाः, मुद्गरः, सुप्तः, गोष्ठी, निष्ठुरः, स्खलितम्, स्नेहः ॥ १ ॥

उपरि लोपः कगडतदपषसाम्—वर्णान्तरस्योपरिस्थितानां व्यञ्जनमात्राणां कादीनां लोपः स्यात्। (कस्य) भत्तं। भुत्तं। सित्थअं। रित्तं। (गस्य) दुद्धं। मुद्धं। सिणिद्धं। (डस्य) खग्गो। छग्गुणो। छग्गंथिआ। (तस्य) उप्फुल्लं। उप्पलं। उप्पाओ। सस्संगो। (दस्य) मुग्गरो। मुग्गलो। मुग्गा। सव्वाओ। (पस्य) गुत्तं। लुत्तं। सुत्तो। (षस्य) कुट्ठं। गोट्ठी। कट्ठं। पुट्ठं। णिट्ठुरो। (सस्य) खलिअं। अप्फालिअं। 'उपरिस्थोऽपि वक्तव्यो लोपो वर्णान्तरस्य च'। छप्पओ। छम्मुहो। णिंचलो। हरिअंदो॥ १॥

अब संयुक्त अक्षरों की विधि कहते हैं—

दूसरे अक्षरों युक्त ऊपर में विद्यमान अर्थात् संयुक्त वर्ण का प्रथमाक्षरस्वरूप व्यञ्जनमात्र कादिकों का लोप हो। क्रमशः उदाहरण दिखाते हैं। (क) भक्त, भुक्त, सिक्थक, रिक्त। सर्वत्र ककार का लोप हो गया। अवशिष्ट तकार को द्वित्व हो गया। भत्तं। भुत्तं। रित्तं। सिक्थक में कलोप के बाद ६ से थद्वित्व, ७ से तकार, २ से द्वितीय ककार का लोप। सित्थअं। (ग) दुग्ध, मुग्ध, स्निग्ध। सर्वत्र गकार का लोप। पूर्ववत् ६ से द्वित्व। ७ से दकार। दुद्धं। मुद्धं। स्निग्ध में गलोप। विप्रकर्ष तथा पूर्वस्वरता भी। ३+५९ से सि और नि पृथक्-

---

१. का० पु० पज्जत्तो, पर्याप्तः। अ० पा०।

पृथक् दो वर्ण हो जाँयगे। २५ से न को णकार, अन्य कार्य पूर्ववत्। सिणिद्धं। (ड) खड्गः, षड्गुणः, षड्ग्रन्थिका। डलोप। खग्गो। 'षट्शाव०' २+३७ से ष को छ आदेश। छग्गुणो। ५ से रेफ का लोप। द्वित्व ६ से। २ से कलोप। छग्गंथिआ। (त) उत्फुल्लम्, उत्पलम्, उत्पादः, सत्सङ्गः। सर्वत्र तकारलोप, द्वित्वादिक पूर्ववत्। उप्फुल्लं, उप्पलं, उप्पाओ, सस्संगो। (द) मुद्गरः, मुद्गलः, मुद्गाः, सद्वादः। सर्वत्र दकार का लोप, अवशिष्ट को द्वित्व। मुग्गरो, मुग्गलो, मुग्गा, सव्वाओ। (प) गुप्तः, लुप्तः, सुप्तः। पलोप, द्वित्व। गुत्तो, लुत्तो, सुत्तो। (ष) कुष्ठम्, गोष्ठम्, काष्ठम्, पृष्ठम्। सर्वत्र षकारलोप। अवशिष्ट ठ को ६ से द्वित्व। ७ से टकार। २५ से न को ण। अनुस्वार ६२ से। कुट्ठं, गोट्ठी, कट्ठं, पुट्ठं। पृष्ठम् ११ से ऋ को उकार होगा। (स) स्खलितम्, आस्फालितम्। सकार का लोप। २ से तलोप। खलिअं। अप्फलिअं। यहाँ ५८ से आकार को अकार। अन्य कार्य पूर्ववत्। संयुक्त वर्ण के पूर्व में स्थित 'कगडतद' इत्यादिकों से अतिरिक्त वर्ण का भी लोप होता है। जैसे—(षट्पदः) छप्पओ। (षण्मुखः) छम्मुहो। (निश्चलः) णिच्चलो। (हरिश्चन्द्रः) हरिअंदो। वस्तुतः इस वचन या वक्तव्य की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि ढादेश से प्रथम ही नित्यत्व अथवा स्थानिवत्त्व से षलोप हो जायगा। एवं निश्चल में भी शादेश से प्रथम ही सलोप हो जायगा। हरिअंदो, अन्यवहार्य है। हरिचंदो होगा ॥ १ ॥

नोट—नं. (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ। (७) वर्गेषु युजः पूर्वः। (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (२५) नो णः सर्वत्र। (५) सर्वत्र लवराम्। (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः। (११) उदृत्वादिषु। (५८) अदातो यथादिषु वा।

अधो मनयाम् ॥ २ ॥

मकारनकारयकाराणां युक्तस्याधः स्थितानां लोपो भवति। मस्य, सोस्सं (२=४३ श्=स्, १-२० उ=ओ, म्लोपे, २-४३ ष्=स्, ३-५० स्द्वि०, ५-३० बिं०)। रस्सी (२-४३ श्=स्, म्लोपे, ३-५० स्द्वि०, ५-१८ दीर्घः)। जुग्गं (२-३१ य्=ज्, म्लोपे, ३-५० ग्द्वि०, बिन्दुः पू०)। बग्गी (४-१ आ=अ, शे० पू०, ५-१८ दीर्घः)। नस्य, णग्गो (२-४२ न्=ण्, न्लोपे, ३-५० ग्द्वि०, ५-५१ ओ)। यस्य, सोम्मो (१-४१ औ=ओ, य्लोपे, ३-५० म्द्वि०, ओत्वं पू०)। जोग्गो (२-३१ य्=ज्, शे० पू०)। शुष्म, रश्मिः, युग्मम्, वाग्मी, नग्नः, सौम्यः, योग्यः ॥ २ ॥

अधो मनयाम्—वर्णान्तरस्याधः स्थितानामेषां लोपः स्यात्। रस्सओ। लग्गो। अण्णा। सामा। 'रेफस्याधो हकारेऽपि लोपो भवति कुत्रचित्'। दसारो ॥ २ ॥

अन्य वर्ण के अधःस्थित मकार-नकार-यकार का लोप हो। (रश्मयः) मकार का लोप। २६ से श को स। ६ से सद्वित्व। 'जसओ वो०' ५+१६ से जस् को ओकार, पूर्व इकार को अकार। रस्सओ। (लग्नः) नलोप। ६ से गद्वित्व। ६० से सलोप। ४२ से ओत्व। लग्गो। (अन्या। श्यामा) यलोप। २५ से णकार।

६ से णकारद्वित्व । २६ से शकार को सकार । आदिस्थ होने से द्वित्व नहीं होगा । सामा । रेफ के अधःस्थित हकार का भी कहीं पर लोप होता है । (दशार्हः) हकारलोप । २६ से श को सकार । 'न रहोः' ३+५४ से रेफ को द्वित्व नहीं होगा । दसारो ॥ २ ॥

सर्वत्र लवराम् ॥ ३ ॥

लकारवकाररेफाणां युक्तस्योपर्यधः स्थितानां लोपो भवति । लस्य, उक्का (३-५० कृद्धि०) । वक्कलं । विक्कवो (प्राय इति वृलोपो न, ५-१ ओ) । वस्य, लुद्धओ (३-५० धृद्धि०, ३-५१ ध् = द्, २-२ कृलोपः, ५-१ ओ[1]) । पिक्कं (१-३ सू० स्पष्टम्) । रस्य, अक्को (३-५० कृद्धि०, ५-१ ओ) । सक्को (२-४३ श् = स् , शे० पूर्व०) । उल्का, वल्कलम् , विक्लवः, पक्कम् , अर्कः, शक्रः ॥ ३ ॥

सर्वत्र लवराम्—वर्णान्तरस्योपरि अधश्च स्थितानामेषां लोपः स्यात् । (ल) सेम्मली । वक्कलं । सण्हं । विक्कओ । (व) लद्धो । सद्दो । उज्जलो । ईसरो । (र) धम्मो । वम्मा । मित्तं । कलत्तं ॥ ३ ॥

वर्णान्तर के ऊपर और अधःस्थित ल-व-रेफ इनका लोप हो । (शाल्मलिः) २६ से श को स । लकारलोप । ६ से मद्वित्व । ५८ से आ को ह्रस्व अकार । ३१ से एकार । ६० से सुलोप । ५२ से इकारदीर्घ । सेम्मली । (वल्कलम्) लकार का लोप । ६ से द्वित्व । ६२ से अनुस्वार । वक्कलं । (श्लक्ष्णम्) लकारलोप । २६ से श को स । 'ह्रस्व०' से ण्ह आदेश । सण्हं । (विक्लवः) लकारलोप । ५ से वलोप । द्वित्व-ओत्व पूर्ववत् । विक्कओ । (व) (लब्धः) बलोप । ६ से धद्वित्व । ७ से दकार । लद्धो । (शब्दः) बकार का लोप, सादेश, दद्वित्व, ओत्व पूर्ववत् । सद्दो । (उज्ज्वलः । ईश्वरः) अधः वकार का लोप । द्वित्व-सत्व-ओत्व पूर्ववत् । उज्जलो । ईसरो । (धर्मः) धम्मो । (वर्मा) वम्मा । (मित्रम्) मित्तं । (कलत्रम्) कलत्तं । यहाँ 'व' से बकार-वकार दोनों का ग्रहण है, क्योंकि—लद्धो, ईसरो-आदि प्रयोग देखने से ऐसा ज्ञात होता है ॥ ३ ॥

द्रे रो वा[2] ॥ ४ ॥

द्रशब्दे रेफस्य वा लोपो भवति । दोहो (५-१ ओ), द्रोहो । चन्दो (३-५६ दृद्धि०, न, शे० पू०), चन्द्रो । रुद्दो (३-५० दृद्धि०, ५-१ ओ), रुद्रो । द्रोह, चन्द्र, रुद्राः ॥ ४ ॥

द्रे रो वा—द्रे-स्थितस्य रेफस्य वा लोपः स्यात् । चंदो, चन्द्रो । इंदो, इन्द्रो । रुद्दो, रुद्रो । समुद्दो, समुद्रो ॥ ४ ॥

---

१. लोद्धओ इति क्वचित् , तत्र तुण्डरूपसमत्वादोत्वम् । २. वाधो रो लुक् ८ । ४ । ३९८ । अपभ्रंशे संयोगादधो वर्तमानो रेफो लुग् वा भवति । उदाहृतं लोपाभावे-जइ भग्गा पारक्कडा तो सहि मज्झु प्रियेण—इति हे० ।

'द्र' अक्षर में स्थित रेफ का विकल्प से लोप हो। (चन्द्रः) चंदो, चन्द्रो। (इन्द्रः) इंदो, इन्द्रो। (रुद्रः) रुद्दो, रुद्रो। (समुद्रः) समुद्दो, समुद्रो। द्वित्वादि पूर्ववत् ॥४॥

सर्वज्ञतुल्येषु ञः ॥ ५ ॥

सर्वज्ञतुल्येषु ञकारस्य लोपो भवति। सव्वज्जो (३-३ र्लोपः, ३-५० वजयोर्द्वि०, ओत्वं पू०)। इंगिअज्जो (४-१७ वर्गान्तो वा, २-२ त्लोपः, ञ्लोपे, ज्द्वि०, पू०)। जानातेर्यान्येवं रूपाणि तत्र ञ्लोपः[1] ॥५॥

सर्वज्ञतुल्येषु ञः—सर्वज्ञतुल्येषु शब्देषु ञस्य लोपः स्यात्। सव्वज्जो। अप्पज्जो। देवज्जो। विज्जो। मणोज्जो ॥ ५ ॥

सर्वज्ञसदृश शब्दों में ञकार का लोप हो। (सर्वज्ञः) ञकार का लोप हो गया। ५ से रेफलोप। ६ से शेष वकार को और जकार को द्वित्व होगा। सव्वज्जो। एवं (आत्मज्ञः) ञलोप। ५८ से अकार। 'आत्मनि पः' से पकार। द्वित्वादि पूर्ववत्। अप्पज्जो। (दैवज्ञः) १३ से ऐ को एकार। जद्वित्व। देवज्जो। (विज्ञः) विज्जो। (मनोज्ञः) २५ से न को णकार। मणोज्जो ॥ ५ ॥

नोट—नं. (२६) शषोः सः। (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ। (६०) अन्त्यस्य हलः। (४२) अत ओत्सोः। (२५) नो णः सर्वत्र। (५८) अदातो यथादिषु वा। (३१) ए शय्यादिषु। (५३) सुभिसुप्सु दीर्घः। (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः। (५) सर्वत्र लवराम्। (७) वर्गेषु युजः पूर्वः। (१३) ऐत एत्।

श्मश्रुश्मशानयोरादेः[2] ॥ ६ ॥

श्मश्रुश्मशानयोरादेर्वर्णस्य लोपो भवति। मस्सु (२-४३ श् = स्, ३-३ र्लोपः, ३-५० स्द्वि०)। मसाणं (२-४३ श् = स्, २-४२ न्=ण, ५-३० बिं०) ॥ ६ ॥

श्मश्रुश्मशानयोरादेः—एतयोरादेर्वर्णस्य लोपः स्यात्। मस्सू। मसाणं ॥ ६ ॥

श्मश्रु एवं श्मशान शब्द के आदि वर्ण का लोप हो। इससे श का लोप। ५ से रेफलोप। २६ से श को सकार। ६ से द्वित्व। मस्सू। (श्मशानम्) शलोप। २६ से सकार। २५ से न को ण। ६२ से अनुस्वार। मसाणं। प्रश्न—श के स्थान पर सादेश करने से आदेशभूत सकार को द्वित्व क्यों नहीं होता? उत्तर—संयुक्त वर्ण के स्थान पर जो आदेश होगा उसको ही द्वित्व होगा, क्योंकि 'युक्तस्य' सूत्र के अधिकार में द्वित्वविधायक सूत्र पठित है ॥ ६ ॥

मध्याह्ने हस्य ॥ ७ ॥

मध्याह्नशब्दे हकारस्य लोपो भवति। मज्झण्णो (३-२८ ध्य् = झ्, ३-५० झ्द्वि०, ३-५१ प्रथम-झ् = ज्, ४-१ आ = अ, २-४२ न् = ण्, ३-५० ण्द्वि०, ५-१ ओ) ॥ ७ ॥

मध्याह्ने हस्य—अत्र हकारस्य लोपः स्यात्। मज्झण्णो ॥ ७ ॥

---

१. क० पु० मणोज्जो-अ० पा०। सर्वज्ञइङ्गितज्ञमनोज्ञाः। २. संजीवन्यादौ 'मध्याह्ने०' इति ६ संख्याकं, 'श्मश्रु०' इत्यादिकं सप्तमं सूत्रम्—इति क्रमः।

मध्याह्न शब्द में हकार का लोप हो। हकार का लोप हो गया। अवशिष्ट न को २५ से ण हो गया। ६ से द्वित्व। ३३ से ध्य को झ आदेश। ६ से द्वित्व। ७ से जकार। मज्झण्णो ॥ ७ ॥

ह्नह्लह्मेषु नलमां स्थितिरूर्ध्वम् ॥ ८ ॥

ह्न-ह्ल-ह्म-इत्येतेषु अधः स्थितानां नकारलकारमकाराणां स्थितिरूर्ध्वमुपरिष्टाद्भवति। ह्नस्य, पुव्वण्हो (४-१ पू = पु, ३-३ र्लोपः, ३-५० व्द्वि०, २-४२ न् = ण्, ५-१ ओ)। अवरण्हो (२-१५ प् = व्, ४-१ रा = र, शे० पू०)। ह्लस्य, अल्हादो (४-१ आ = अ, ५-१ ओ)। ह्मस्य, बम्हणो (३-३ र्लोपः, ४-१ आ = अ, ५-१ ओत्वम्) ॥ ८ ॥

ह्नह्लह्मेषु नलमां स्थितिरूर्ध्वम्—एषु संयोगेषु अधः स्थितानां नलमां वर्णानां स्थितिः हकारस्य ऊर्ध्वं भवति। संयोगवर्णयोः परिवृत्तिर्भवतीत्यर्थः। (ह्न) पुव्वण्हो। अवरण्हो। (ह्ल) कल्हारं। आल्हादो। (ह्म) जिम्हो। बम्हणो ॥ ८ ॥

ह्न ह्ल-ह्म इनके संयोग में न-ल-म इन वर्णों की हकार के ऊपर स्थिति हो जाती है। अर्थात् हकार का उक्त वर्णों के साथ व्यत्यय हो जाता है। (पूर्वाह्नः) ५९ से दीर्घ ऊ को ह्रस्व उकार। ४ से रेफलोप। ६ से द्वित्व। उक्त सूत्र से हकार-नकार की परिवृत्ति। ५८ से अकार। २५ से न को ण। पुव्वण्हो। (अपराह्नः) पूर्ववत् हकार-नकार की परिवृत्ति। न को ण, ह्रस्व अकारादेश। १८ से प को वकारादेश। अवरण्हो। (कह्लारम्) परिवृत्ति। कल्हारं। (आह्लादः) आल्हादो। व्यावहारिक आह्लाद शब्द है, अतः 'कगचज' सूत्र से प्रायः पद से दकार का लोप नहीं हुआ। (जिह्मः) जिम्हो। (ब्राह्मणः) ह-म की परिवृत्ति। ५ से रेफलोप। ५८ से ह्रस्व अकारादेश। बम्हणो ॥ ८ ॥

युक्तस्य ॥ ९ ॥

अधिकारोऽयमापरिच्छेदसमाप्तेः, यदित ऊर्ध्वमनुक्रमिष्यामो युक्तस्येत्येवं वेदितव्यम्। वक्ष्यति 'अस्थनि' (सू० ११)। अट्ठी (३-११ स्थ = ठ्, ३-५० ठ्द्वि०, ३-५१ ठ् = ट्, ५-१८ दीर्घः) अस्थि। युक्तग्रहणं हलोऽन्त्यस्य मा भूत् ॥ ९ ॥

युक्तस्य—अधिकारोऽयम्। अतः परं ये आदेशा वक्ष्यन्ते ते युक्तस्यैवेति वेदितव्यम्। पूर्वमेकदेशस्य विधिरासीत्। आपरिच्छेदसमाप्तेरयमधिकारः ॥ ९ ॥

'युक्तस्य' यह अधिकार-सूत्र है। परिच्छेद समाप्ति तक जो कुछ कार्य होंगे, वे युक्त वर्ण को होंगे। प्रथम-वर्ण के एकदेश की विधि कही है, अब युक्त में होगी ॥ ९ ॥

ष्टस्य ठः ॥ १० ॥

ष्ट इत्येतस्य युक्तस्य ठकारो भवति। लट्ठी (२-३२ य् = ल्, शे० पू०)। दिट्ठी (१-२८ सू० स्प०, शे० पू०)। यष्टिः, दृष्टिः ॥ १० ॥

ष्टस्य ठः—अस्य ठः स्यात्। दिट्ठी। सिट्ठी। मुट्ठी। दट्ठं। णट्ठं। 'इष्टा-

यामप्रियायां तु ठादेशो नैव दृश्यते'। इट्टा-मृण्मयविशेषाः। प्रियायाम्-इष्टा। 'उष्ट्र'-शब्दे विकल्पेन ठादेशः। उट्टो, उट्ठो ॥ १० ॥

षकार-टकार-संयुक्त वर्ण को ठ आदेश हो। (दृष्टिः) ष्ट को ठ आदेश। ६ से द्वित्व। ७ से टकार। १० से ऋ को इकार। दिट्ठी। एवम् (सृष्टिः) पूर्ववत्। सिट्ठी। (मुष्टिः) मुट्ठी। (दृष्टम्) ठादेश, द्वित्वादि पूर्ववत्। ९ से ऋ को अकार। दट्ठं। (नष्टम्) ठादेशादि पूर्ववत्। २५ से न को णकार। णट्ठं। सर्वत्र इकार को दीर्घ ५२ से। 'दट्ठं' इत्यादिक में अनुस्वार ६२ से, एवं सु का लोप ६० से जानना। जहाँ प्रिय अर्थ नहीं है, वहाँ ठादेश नहीं होगा। (इष्टा) ३ से षलोप। ६ से द्वित्व। इट्टा—मृण्मय वस्तु-ईंट इति। उष्ट्र-शब्द में विकल्प से ठादेश होगा (उष्ट्रः) पूर्ववत् उभयत्र साधुत्व है। उट्टो। उट्ठो ॥ १० ॥

नोट—नं. (२५) नो णः सर्वत्र। (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ। (३३) ध्यह्ययोर्झः। (७) वर्गेषु युजः पूर्वः। (५) सर्वत्र लवराम्। (२६) शषोः सः। (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः। (५९) उदूतो मधूके। (५८) अदातो यथादिषु वा (१८) पो वः।

अस्थनि ॥ ११ ॥

अस्थिशब्दे युक्तस्य ठकारो भवति। अट्ठी। (३-९ सू० स्प०) ॥११॥

अस्थनि—अस्थिशब्दे युक्तस्य स्थस्य ठः स्यात्। 'लिङ्गविपर्यासः' इति नपुंसकस्य स्त्रीत्वम्। अट्ठी। 'क्वचिदन्यत्रापि स्थस्य ठत्वमिष्यते'। विसंपूर्वस्य स्थाधातो रूपम्। 'अनुस्वारपरस्यादेशस्य न द्वित्वम्'। विसंठुलं, विसंष्ठुलम्। क्वचिद्ग्रहणान्नेह-सुत्थिओ। दुत्थिओ ॥ ११ ॥

अस्थिशब्द में संयुक्त स्थ को ठ आदेश हो। (अस्थि) 'स्थ' को ठादेश। ६ से द्वित्व। ७ से टकार। 'लिङ्गविपर्यासः'। कहीं-कहीं लिङ्ग बदल जाता है। अतः नपुंसक लिङ्ग का स्त्रीलिङ्ग हो गया। ५२ से दीर्घ। सुलोप ६० से। अट्ठी। कहीं अन्यत्र भी 'स्थ' को ठ होता है। (विसंष्ठुलम्) स्थ को ठ हो गया। अनुस्वार से पर आदेशादि को द्वित्व नहीं होता है। अतः ठकारद्वित्व नहीं हुआ। विसंठुलं। क्वचित् कथन से (सुस्थितः) सुत्थिओ, (दुःस्थितः) दुत्थिओ में ठादेश नहीं होगा, किन्तु ३ से सलोप, द्वित्व, तकार, पूर्ववत् होगा ॥ ११ ॥

स्तस्य थः ॥ १२ ॥

स्तशब्दस्य थकारो भवति। उपरिलोपापवादः। हत्थो (३-५० थद्वि०, ३-५१ थ् = त्, ५-१ यो)। समत्थो (३-३ स्लोपः, शे० पू०)। थुई (२-२ त्लोपः, ५-१८ दीर्घः)। थवओ (२-२ प्रायो ग्रहणात् वलोपो न, क्लोपस्तु भवति, ५-१ ओ)। कोत्थुहो (१-४१ सू० स्प०)। हस्तः, समस्तः, स्तुतिः, स्तवकः, कौस्तुभः ॥ १२ ॥

स्तस्य थः—स्त इत्यस्य थः स्यात्। कोत्थुहो ॥ १२ ॥

स्त को थ हो। (कौस्तुभः) स्त को थ हुआ। ६ से द्वित्व। ४ से तकार। २३ से हादेश। १४ से औ को ओ। ४२ से अ को ओकार। ६० से सलोप। कोत्थुहो ॥ १२ ॥

स्तम्बे ॥ १३ ॥

स्तम्बशब्दे स्तकारस्य थकारो न भवति। तंबो (३-१ सूलोपः, ४-१७ वर्गान्तबिन्दुः, ५-१ ओ) ॥ १३ ॥

तः स्तम्बे'—अस्य तः स्यात्। तंबो ॥ १३ ॥

स्तम्बशब्द में स्त को त हो। थादेश का अपवाद है। (स्तंबः) तंबो ॥ १३ ॥

स्तम्भे खः ॥ १४ ॥

स्तम्भशब्दे स्तकारस्य खकारो भवति। खंभो (४-१७ वर्गान्तबिं०, ओत्वं पू०) ॥ १४ ॥

स्तम्भे खः—स्तम्भशब्दे स्तस्य खः स्यात्। खंभो। 'स्थूणार्थे स्तस्य खः स्तम्भे नत्वन्यस्मिन् कदाचन'। ऊरुत्थंभो ॥ १४ ॥

स्तम्भशब्द के स्त को ख हो। (स्तम्भः) ख हो गया। खंभो। केवल स्थूणा अर्थ में खादेश होगा, अन्यत्र नहीं। (ऊरुस्तम्भः) में ख नहीं होगा, किन्तु पूर्ववत् स्तको थ। द्वित्व, तकार ६ तथा ७ से। ओत्वादि पूर्ववत्। ऊरुत्थंभो। (अग्निस्तम्भः) ४ से नलोप। ६ से द्वित्व। अग्गित्थंभो ॥ १४ ॥

नोट—नं. (९) ऋतोऽत्। (१०) इदृष्यादिषु। (१५) नो णः सर्वत्र। (५२) सुभिसुप्सु दीर्घः। (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः। (६०) अन्त्यस्य हलः। (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम् (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ। (७) वर्गेषु युजः पूर्वः। (२३) खघथधभां हः।। (१४) औत ओत्। (४२) अत ओत् सोः। (४) अधो मनयाम्।

स्थाणावहरे ॥ १५ ॥

स्थाणुशब्दे युक्तस्य खकारो भवति, अहरे हरेऽभिधेये न भवति। खाणू (५-१८ दीर्घः)। अहर इति किम्? थाणू हरो (३-१ सूलोपः, शे० पू०, ५-१ ओ)। स्थाणुर्हरः ॥ १५ ॥

स्थाणावहरे—महेश्वरभिन्नेऽर्थे विद्यमानस्य स्थाणुशब्दस्य स्थस्य खः स्यात्। खण्णुओ। हरे तु-थाणू ॥ १५ ॥

हर = महादेव से अतिरिक्त अर्थ में विद्यमान स्थाणु-शब्द के स्थ को ख आदेश हो। (स्थाणुकः) ख आदेश। ५८ से आ को अकार। ४१ से णद्वित्व। २ से कलोप। ४२ से ओकार। खण्णुओ। हर-अर्थ में ३ से सकारलोप। ५२ से उकार को दीर्घ। थाणू। 'स्थाणुर्वा ना ध्रुवः शङ्कुः'। 'स्थाणू रुद्र उमापतिः' अमर ॥ १५ ॥

स्फोटके ॥ १६ ॥

स्फोटकशब्दे युक्तस्य खकारो भवति। खोडओ (२-२० ट् = ड्, २-२ क्लोपः, ५-१ ओ) ॥ १६ ॥

क्ष्वेटके च[2]—अत्र युक्तस्य खः स्यात्। खेडओ ॥ १६ ॥

क्ष्वेटक शब्द में क्ष्व को ख आदेश हो। (खेटकः) खेडओ। कलोपादि पूर्ववत् ॥ १६ ॥

---

१ सजीवन्यादिसंमतः पाठः। २. एष पाठः सञ्जीवन्यादिसंमतः।

र्यशय्याभिमन्युषु जः ॥ १७ ॥

र्य इत्यस्य शय्याभिमन्युशब्दयोश्च युक्तस्य जकारो भवति। कज्जं (४-१ आ = अ, ३-५० ज्द्वित्वम्, ५-३० विं०)। सेज्जा (१-५ सू० स्पष्टम्)। अहिमज्जू[1] (२-२७ भ् = ह्, ३-५० ज्द्वि०, ५-१८ दीर्घः)। कार्यम्, शय्या, अभिमन्युः ॥ १७ ॥

र्यशय्याभिमन्युषु जः—र्य इत्यस्य शय्याऽभिमन्युशब्दयोश्च युक्तस्य वर्णस्य जः स्यात्। कज्जो। भज्जा। सेज्जा। अहिमज्जू। 'र्य-इत्यस्य र-लोपोऽपि शौरसेन्यां प्रयुज्यते'। अय्यो। अय्यउत्तो। शुद्धप्राकृते तु-अज्जो। अज्जउत्तो ॥ १७ ॥

र्य-अक्षर और शय्या-अभिमन्यु शब्दों के संयुक्त य को जकारादेश हो। (कार्यम्) र्य को जकार। ६ से द्वित्व। ५८ से ककारोत्तर आकार को अकार। लिङ्गव्यत्यय। पुंलिङ्ग। ओत्वादि पूर्ववत्। कज्जो। (भार्या) जादेश। द्वित्व। ३८ से ह्रस्व। भज्जा। (शय्या) जकारादेश, द्वित्व। २६ से श को स। ३१ से एकार। सेज्जा। (अभिमन्युः) उक्त सूत्र से न्यु गत न्य को जादेश। द्वित्व। २३ से भ को ह आदेश। ५२ से दीर्घ। ६० से सलोप। अहिमज्जू। शौरसेनी में र्य इसके रेफ का लोप होगा। ६ से द्वित्व। आर्यः का अय्यो। आर्यपुत्रः का अय्यउत्तो। ५ से रेफलोप। २ से पलोप। ६ से तकारद्वित्व। अय्यउत्तो। प्राकृत में अज्जउत्तो ॥ १७ ॥

तूर्यधैर्यसौन्दर्याश्चर्यपर्यन्तेषु रः ॥ १८ ॥

एतेषु शब्देषु र्यस्य रेफो भवति। तूरं (३-५४ रस्य द्वित्वं न, ५-३० विं०)। धीरं (१-३९ सू० स्प०)। सुन्देरं। अच्छेरं। पेरन्तं। (१-५ सू० स्प०) ॥ १८ ॥

तूर्यधैर्यसौन्दर्याश्चर्यपर्यन्तेषुरः—एषु 'र्य' इत्यस्य रः स्यात्। तूरं। धीरं। सुंदेरं। अच्छेरं। पेरंतो। 'शौण्डीर्येऽपि रादेशः'। सोंडीरं ॥ १८ ॥

तूर्यादिक शब्दों के 'र्य' इसको 'र' आदेश हो। (तूर्यम्) र आदेश हो गया। ६२ से अनुस्वार। तूरं। (धैर्यम्) र्य को र आदेश। 'ईत् धैर्य' से ऐकार को ईकार। धीरं। (सौन्दर्यम्) र्य को र-आदेश। ६५ से औ को उकार। ३१ से एकार। सुंदेरं। (आश्चर्यम्) र आदेश। ६४ से श्च को छ। ६ से द्वित्व। ७ से चकार। ३१ से एकार। ५८ से आकार को अकार। अच्छेरं। (पर्यन्तः) र्य को र। ३१ से एकार, ओत्वादि पूर्ववत्। पेरंतो। शौण्डीर्य-शब्द में भी 'र्य' को र आदेश होता है। २६ से श को सकार, १४ से औकार को ओकार। सोंडीरं ॥ १८ ॥

सूर्ये वा ॥ १९ ॥

सूर्यशब्दे र्यकारस्य रेफादेशो भवति वा। सूरो (५-१ ओत्वं)। सुज्जो[2]-पक्षे (४-१ ऊ = उ, ३-१७ र्य=ज्, ३-५० ज्द्वि०, ओ० पू०) ॥ १९ ॥

---

१. क० पु० शेषादेशयोर्द्वित्वमनादाविति द्वित्वम्। तत्र जकारस्य वर्गतृतीयत्वेन युक्ताभावाद् 'वर्गेषु युजः पूर्वं' इत्यस्य न प्राप्तिः। अ० पा०। २. वाग्रहणात् 'र्यशय्यादि' (३।१७) सूत्रेण जकारोऽपि।

सूर्ये वा—अत्र र्य इत्यस्य वा रः स्यात् । सूरो । सुज्जो ॥ १९ ॥

सूर्य-शब्द में 'र्य' को 'र' विकल्प से हो। सूरो। पक्ष में-ज आदेश, द्वित्व, ओत्व पूर्ववत्। ५९ से ऊकार को उकार। सुज्जो ॥ १९ ॥

नोट— नं. (५८) अदातो यथादिषु वा। (४१) नीडादिषु। (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (४२) अत ओत् सोः। (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम्। (५२) सुभिसुप्सु दीर्घः। (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ। (२६) शषोः सः। (३१) ए शय्यादिषु। (२३) खघथधभां हः। (६०) अन्त्यस्य हलः। (५) सर्वत्र लवराम्। (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः। (६५) उत्सौन्दर्यादिषु। (६४) श्चत्सप्सां छः। (७) वर्गेषु युजः पूर्वः। (१४) औत ओत्। (५९) उदूतो मधूकादिषु।

चौर्यसमेषु रिअं ॥ २० ॥

चौर्यसमेषु शब्देषु र्यस्य रिअमित्यादेशो भवति। चोरिअं (१-४१ औ = ओ)। सोरिअं। वीरिअं (२-४३ श् = स्, शे० पूर्व०)। चौर्य-शौर्य-वीर्याणि। सम-ग्रहणादाकृतिगणोऽयम् ॥ २० ॥

चौर्यसमेषु रिअः[1]—चौर्यतुल्येषु शब्देषु 'र्य' इत्यस्य रिअ आदेशः स्यात्। चोरिअं। 'ईषत्स्पृष्टो रियादेशे यकारोऽकार एव वा'। पक्षे—चोरियं। महुरिअं, महुरियं। अच्छरिअं, अच्छरियं। सोरिअं, सोरियं। थेरिअं, थेरियं। आचारिओ, आचारियो। धुरिओ, धुरियो। धोरिओ च। भारिआ, भारिया। अरिओ, अरियो ॥ २० ॥

चौर्यशब्द के सदृश शब्दों में र्य को रिय आदेश हो। ईषत्स्पृष्ट प्रयत्न वाला 'रिय' आदेश का यकार होगा अथवा यकार का लोप होकर 'रिअ' आदेश रहेगा। उदाहरणों में स्पष्ट है। (चौर्यम्) रिय आदेश। १४ से औ को ओकार। चोरियं। पक्ष में 'रिअ'। चोरिअं। (माधुर्यम्) र्य को रिय। ५८ से आ को अकार। २३ से ध को ह। महुरियं, पक्ष में-महुरिअं। (आश्चर्यम्) रिय आदेश। ५८ से आ को अ। ६४ से श्च को छ। ६ से छकारद्वित्व। ७ से चकार। अच्छरियं, अच्छरिअं। (शौर्यम्) रियादेश। १४ से औ को ओ। २६ से श को स। सोरियं, सोरिअं। (स्थैर्यम्) १३ से ऐ को एकार। ३ से सलोप। थेरियं, थेरिअं। सर्वत्र नपुंसक-लिङ्ग में ६२ से अनुस्वार होगा। (आचार्यः) २ से चलोप। रियादेश। आआरियो, आआरिओ। ४२ से ओकारादि पूर्ववत्। (धुर्यः) धुरियो, धुरिओ। किसी किसी पुस्तक में 'धोरिओ' है, वहाँ 'उत ओत्०' से उ को ओ होगा। (भार्या) भारिया, भारिआ। (आर्यः) अरियो-अरिओ। ५८ से आ को अकार ॥ २० ॥

पर्यस्तपर्याणसौकुमार्येषु लः ॥ २१ ॥

एषु शब्देषु र्यस्य लकारो भवति[2]। पल्लत्थं (३-५० ल्द्वि०, ३-१२ स्त् = थ्, ३-५० थ्द्वि०, ३-५१ थ् = त्, ५-३० बिं०)। पल्लाणं (पूर्ववत्)। सोअमल्लं (१-१२ सू० स्पष्टम्) ॥ २१ ॥

पर्यस्तपर्याणसौकुमार्येषु लः—एषु र्यस्य लः स्यात्। पल्लत्थं। पल्लाणं।

---

१. रिअः-इति संजीवनीसंमतः पाठः। २. लकारो भवति। क० पु० पाठः।

सोअमल्लं। पल्लट्टंति। पल्लंको। 'आर्द्रे विभाषा लत्वं स्यात् ओकारश्चेष्यते बुधैः'। ओल्लं, अल्लं। ओद्दं, अद्दं॥ २१॥

पर्यस्त-पर्याण-सौकुमार्य शब्दों में 'र्य' को 'ल' हो। (पर्यस्तम्) लादेश। ६ से द्वित्व। २९ से स्त को थ। ६ से द्वित्व। ७ से तकार। पल्लत्थं। (पर्याणम्) लादेश। पल्लाणं। (सौकुमार्यम्) लादेश। १४ से औ को ओकार। २ से कलोप। 'अन्मुकुटादिषु' से उकार को अकार। ५८ से आ को अ। सोअमल्लं। परि-पूर्वक अस् धातु निष्ठाप्रत्ययान्त ही लेना यह नियम नहीं। पर्यस्यन्ति। 'स्यस्तयोरपि वा टत्वम्' इससे टकार। ६ से द्वित्व। ४ से यलोप। ६३ से र को ल। द्वित्व। पल्लट्टंति। एवम् (पर्यङ्कः) का पल्लंको सिद्ध कर लेना। अतः 'वसन्तराजादि'मान्य लत्वप्रतिपादक वार्तिक निरर्थक है। आर्द्रशब्द में र्द्र को ल आदेश और आकार को ओ विकल्प से हो। जहाँ लादेश और ओकार हुआ, वहाँ ६ से ल को द्वित्व। ओल्लं, जहाँ ओकार नहीं हुआ केवल लादेश हुआ वहाँ ५८ से अकार। अल्लं। ओकार के विकल्प में ५ से उभयरेफ का लोप। शेषभूत द को और आदेशभूत ल को ६ से द्वित्व। अल्लं, अद्दं॥२१॥

नोट—नं. (१४) औत ओत्। (५८) अदातो यथादिषु वा। (२३) खघथधभां हः। (६४) श्चत्सप्सां छः। (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ। (७) वर्गेषु युजः पूर्वः। (२६) शषोः सः। (१३) ऐत एत्। (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम्। (६२) नपुंसके सोर्बिन्दुः। (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (४२) अत ओत्सोः। (२९) स्तस्य थः। (४) अधो मनयाम्। (६३) हरिद्रादीनां रो लः।

र्तस्य टः॥ २२॥

र्त इत्येतस्य टकारो भवति। केवट्टओ (१-३४ ऐ=ए, प्रायोग्रहणात् वलोपो न, ३-५० ट्द्वि०, २-२ क्लोपः, ५-१ ओ)। णट्टओ। णट्टई। (२-४२ न्=ण्, शे० पू०)। कैवर्तक, नर्तक, नर्तक्यः[1]॥ २२॥

र्तस्य टः—अस्य टादेशः स्यात्। पअट्टइ। णट्टई। केवट्टो। वट्टी। वट्टा। अट्टो। 'स्यस्तयोरपि वा टत्वं क्रियते क्वापि शाब्दिकैः'। पल्लट्टंतो। पल्लट्टो। पल्लत्थो। व्यवस्थितविभाषाश्रयणान्नेह-विणस्संतो॥ २२॥

र्त को ट आदेश हो। (प्रवर्तते) ५ से रेफलोप। २ से वलोप। र्त को ट। ६ से द्वित्व। आत्मनेपद वा परस्मैपद। पअट्टइ। (नर्तकी) र्त्त को ट आदेश, द्वित्व, कलोप पूर्ववत्। २५ से न को ण। णट्टई। (कैवर्तः) केवट्टो। 'कगचज' से लोप प्रायिक है अतः वलोप नहीं होगा। (वर्तिः) वट्टी। (वर्त्म) ४ से मलोप। 'र्त' को टादेश। लिङ्गव्यत्यय से स्त्रीत्व। वट्टा। (आर्तः) र्त को ट। ५८ से अकार। द्वित्व, ओत्व पूर्ववत्। अट्टो। कहीं कहीं स्य और स्त को भी टादेश होता है। (पर्यस्यन्) 'पर्यस्तपर्याण०' में निष्ठा प्रत्यय की अविवक्षा होने से ल आदेश। 'स्यस्तयोरपि' से स्य को ट आदेश। पूर्ववत ट्द्वित्व। पल्लट्टंतो। (पर्यस्तः) पूर्ववत् अन्यकार्य, टादेश विकल्प से। पल्लट्टो। पक्ष में-पल्लत्थो। पूर्वसूत्र में साधुत्व दिखा

---

१. वट्टई पाठे वर्तत इति क्वचिदधिकम्।

दिया है। व्यवस्थित विकल्प होने से कहीं नहीं भी होगा। (विनश्यन्) २५ से न को ण। ४ से यलोप। २६ से सकार। ६ से द्वित्व। विणस्संतो॥ २२॥

पत्तने॥ २३॥

पत्तनशब्दे युक्तस्य टकारो भवति। पट्टणं (३-५० ट्द्वि०, २-४२ न्=ण्, ५-३० बिं०)॥ २३॥

मृत्तिकापत्तनयोर्श्च—एतयोर्युक्तस्य तस्य टः स्यात्। मट्टिआ। पट्टणं॥ २३॥

मृत्तिका और पत्तन शब्द के द्वित्व त्त को ट हो। (मृत्तिका) त्त को ट। द्वित्व। २ से कलोप। ९ से ऋ को अकार। मट्टिआ। (पत्तनम्) टकारादेश, द्वित्व। २५ से न को ण। पट्टणं॥ २३॥

न धूर्तादिषु॥ २४॥

